**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रीय खेल दिवस पर उत्तराखंड को बड़ी सौगात। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी में खेल विश्वविद्यालय के पहले चरण के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया।
- प्रदेश में 100 दिवसीय नशामुक्ति महाभियान शुरू। शिक्षण संस्थानों में व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर पहाड़ की महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर। गांव में ही मिल रहे स्वरोजगार के अवसर।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

**खेल विश्वविद्यालय शिलान्यास**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आज हल्द्वानी के गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में उत्तराखंड राज्य खेल विश्वविद्यालय के पहले चरण के 43 करोड़ 50 लाख रुपये के निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रथम शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पदक विजेता खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। उन्होंने देवभूमि उत्तराखंड खेल रत्न, द्रोणाचार्य पुरस्कार, लाइफ टाइम अचीवमेंट और हिमालय रत्न पुरस्कार प्रदान किए। वहीं, मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से खेल छात्रवृत्ति दी गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल विश्वविद्यालय से प्रदेश के खिलाड़ियों को अब राज्य में ही उच्च स्तरीय खेल शिक्षा, आधुनिक प्रशिक्षण और बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य उत्तराखंड को देश के अग्रणी खेल राज्यों में शामिल कर 'खेलभूमि' के रूप में स्थापित करना है।

**आपदा सचिव**

नेपाल में भीषण आपदा के बाद उत्तराखंड राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में राज्य के नागरिकों के लिए जारी किए गए हेल्पलाइन नंबरों पर अब तक छह कॉल प्राप्त हुए हैं। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि इस संबंध में सूचनाओं को केंद्रीय गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के साथ साझा किया गया है।

**नशामुक्ति महाभियान**

उत्तराखंड में युवाओं को नशे से दूर रखने और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए 100 दिन का नशामुक्ति महाभियान शुरू किया गया है। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज देहरादून के एमकेपी पीजी कॉलेज से अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत प्रदेशभर के शिक्षण संस्थानों में युवाओं को नशामुक्त जीवन की शपथ दिलाने के साथ ही आमजन को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा। डॉ. रावत ने कहा कि एमकेपी कॉलेज से इस महाभियान की शुरुआत करने का विशेष उद्देश्य यह है कि प्रदेश की बेटियां नशे के विरुद्ध सामाजिक जागरूकता की सशक्त वाहक बन सकें। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से बचाना सरकार के साथ ही परिवार, शिक्षण संस्थानों और समाज की साझा जिम्मेदारी है।

**ग्रामीण आजीविका मिशन**

ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत राज्य के पहाड़ी क्षेत्र की महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर न केवल अपनी आर्थिकी मजबूत कर रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ रही हैं। पौड़ी विकासखंड के खांड्यूंसैंण की कलावती देवी और पौड़ी मुख्यालय के समीप गहड़ गांव की रामेश्वरी देवी इसकी प्रेरणादायी मिसाल हैं। कलावती देवी ने हिमोत्थान सोसाइटी से मिले 20 हजार रुपये के अनुदान से सिलाई मशीन खरीदी और जूट बैग बनाने का प्रशिक्षण भी लिया। मौजूदा समय में वे सिलाई के साथ ब्यूटी पार्लर का काम कर रही हैं। इससे उन्हें करीब 15 हजार रुपये मासिक आय हो रही है और एक अन्य महिला को भी रोजगार मिला है।

वहीं, रामेश्वरी देवी ने तीन लाख रुपये के सीसीएल ऋण से ग्राम दुकान शुरू की है, जहां मंडुवा, झंगोरा, पहाड़ी दाल, अचार, जैम और बद्री गाय के घी सहित स्थानीय उत्पादों की बिक्री की जा रही है। इससे उन्हें प्रतिमाह छह से सात हजार रुपये की शुद्ध आय हो रही है।

## हॉकी प्रतियोगिता

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आज बागेश्वर में जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला क्रीड़ा अधिकारी किरन परिहार ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर देना है। खिलाड़ी खजान टंगड़िया ने कहा कि ऐसे आयोजन खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के साथ ही उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने और अन्य खिलाड़ियों से सीखने का अवसर देते हैं।

## मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सैंतीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज़–ऑन–एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

## खाद्य सुरक्षा

टिहरी जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट और गुणवत्ता की जांच को लेकर जिला प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा, पूर्ति विभाग, पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने धनोल्टी और बुरांशखंडा क्षेत्र में होटल, रिसॉर्ट व रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य तेल, मिठाई, अनाज उत्पाद सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के 13 नमूने जांच के लिए, लिए गए। वहीं, एक्सपायरी डेट के तीन पापड़ के पैकेट मौके पर ही नष्ट कराए गए और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन न करने पर दो सुधार नोटिस जारी किए गए। सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, प्रमोद रावत ने बताया कि त्यौहारी सीजन को देखते हुए जिले के प्रमुख बाजारों में लगातार औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

## बुखार

चमोली जिले में लगभग सभी विकासखंडों के ग्रामीण क्षेत्रों में वायरल बुखार के मामले सामने आ रहे हैं। बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए जिला अस्पताल गोपेश्वर पहुंच रहे हैं। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक नेगी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को विभिन्न क्षेत्रों से वायरल बुखार की शिकायतें मिल रही हैं। मरीजों की जांच और उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में भेजी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल गोपेश्वर में इन दिनों प्रतिदिन 600 से अधिक ओपीडी दर्ज हो रही हैं और मरीजों के उपचार के लिए उपलब्ध सभी संसाधनों का उपयोग किया जा रहा है।